अतिआवश्यक

संख्याः– 2490 /XXXVIII/ वर्षा/2011–12

प्रेषक,

अपर मुख्य राजस्व आयुक्त,
राजस्व परिषद, उत्तराखण्ड,
देहरादून।

सेवा में,

समस्त जिलाधिकारी,
(सी0 आर0 ए0 अनुभाग)
उत्तराखण्ड।

देहरादून, दिनाँकः 28 जुलाई, 2012

विषयः– मासिक (दैनिक विवरण सहित) वर्षा के आंकड़ों के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक इस कार्यालय के पत्र सं0–4380/दिनांकः 20 जुलाई,2010 एवं 296/दिनांकः 19 जनवरी, 2012 का सन्दर्भ ग्रहण करें, जिसके द्वारा निरन्तर दैनिक, साप्ताहिक एवं मासिक वर्षा के रेनगेज स्टेशनवार आंकड़े उपलब्ध कराने हेतु अनुरोध किया गया था। वर्तमान में बरसात का मौसम (15 जून से 15 सितम्बर तक) चल रहा है परन्तु ज्यादातर जनपदों द्वारा दैनिक वर्षा के फैक्स इस कार्यालय को उपलब्ध नही कराये जा रहे हैं।

जनपद देहरादून से माह जून, 2011 से आज तक (तहसील चकराता को छोड़कर) के माहवार दैनिक वर्षा के रेनगेज स्टेशनवार आंकड़े अभी तक प्राप्त नही हुए हैं।

अतः अनुरोध है कि अपने अधीनस्थ अधिकारी/कर्मचारी को निर्देशित करें कि बरसात के मौसम (15 जून से 15 सितम्बर तक) के दैनिक वर्षा के आंकड़े फैक्स नं0–01352669384 पर एवं हर माह के अंत में तिथिवार समस्त दैनिक वर्षा के आंकड़े अनिवार्य रूप से इस कार्यालय व सम्बन्धित कार्यालयों को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

(बी0 एस0 नेगी)
सहायक राजस्व आयुक्त,
उत्तराखण्ड, देहरादून।